दवा बाजार में युवती पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

▶ बात नहीं करने पर किया था हमला, घेराबंदी में दीवार से गिरा

उज्जैन। दवा बाजार में शुक्रवार दिनदहाड़े युवती पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने कुछ घंटे बाद घेर लिया। आरोपी भगाने के लिए दीवार पर चढ़ गया लेकिन गिरने से उसका एक पैर टूट गया। पुलिस अभिरक्षा में उसका उपचार कर रही है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र स्थित दवा बाजार में काम करने वाली पूजा उर्फ गुनगुन रजक 19 साल दोपहर में ड्यूटी पहुंची थी। उसी दौरान बाजार के परिसर में उसे ग्राम डेंडिया के रहने वाले सुनील पिता लालाराम जारोलिया ने रोक लिया और बात नहीं करने पर तबाड़तोड़ चाकू से वार करना शुरू कर दिये। चाकू के पांच गहरे घाव लगने पर पूजा लहूलुहान हो गई। आसपास के लोग युवती को बचाने के लिए दौड़े तभी आरोपी सुनील मौके से भाग निकला। घटनास्थल पर काफी खून फैल गया था युवती को अस्पताल पहुंच गया मामले की जानकारी लगते ही नीलगंगा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हालत गंभीर होने पर युवती को चरक अस्पताल से रेफर किया गया। परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।

आरोपी की तलाश में थाना प्रभारी तरुण कुरील ने टीम गठित की और भागने वाले रास्ते को ट्रेस किया। करीब 4 घंटे बाद आरोपी की इंजीनियरिंग कॉलेज के आसपास पुलिस ने घेराबंदी कर ली। आरोपी पुलिस से बचने के लिए ऊंची दीवार पर चढ़ गया लेकिन संतुलन बिगड़ने से जमीन पर गिरा जिसके चलते उसका एक पैर टूट गया। पुलिस ने तत्काल उसे दबोचा और अस्पताल लेकर आई डॉक्टर ने पैर में फैक्चर होना बताया पुलिस ने अभिरक्षा में उपचार शुरू कराया है। थाना प्रभारी कुरील के अनुसार घटनाक्रम सामने आने के बाद मामले में आरोपी सुनील के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया था। पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें युवती पर आरोपी हमला करता दिखाई दे रहा है।

युवती ने बात करना कर दिया था बंद

आरोपी ने बताया कि उसका 4 साल से पूजा के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था लेकिन कुछ दिनों से उसने बात करना बंद कर दिया था। जिसके चलते वह दवा बाजार पहुंचा था। उसने पूजा को रोका और बात करने की कोशिश की लेकिन वह अपने रिश्तेदारों को बुलाने के लिए फोन लगाने लगी इसी के चलते उसे पर चाकू से हमला किया। आरोपी का कहना था कि उसे अपनी गलती पर पछतावा है वह पूजा से बहुत प्यार करता है। इधर देर शाम तक पूजा की हालत नाजुक बनी हुई थी। घटनाक्रम के बाद पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा युवती के हालचाल जानने और परिजनों से मिलने अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने हर संभव उपचार का आश्वासन परिजनों को दिया।

संकरी गलियों में भी आसानी से पहुंचेंगे आग बुझाने के संयंत्र

अग्निशमन रोबोट और ड्रोन तकनीक का लाइव प्रदर्शन, महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था हाईटेक, फायर टीम को मिला प्रशिक्षण

उज्जैन। सिंहस्थ महाकुंभ-2028 की तैयारियों में अब आधुनिक तकनीक की ताकत भी शामिल होने जा रही है। शुक्रवार को उज्जैन के दशहरा मैदान पर अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन का लाइव डेमो आयोजित किया गया, घटना दुर्घटना के दौरान सकरी गलियों में भी यह आधुनिक तकनीक से बने संयंत्र पहुंचकर मदद उपलब्ध कराएंगे।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की उपस्थिति में अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ. पी.एस. रांहागडाले एवं उनकी टीम ने अत्याधुनिक अग्निशमन उपकरणों और नई तकनीकों का प्रदर्शन किया। लाइव डेमो के दौरान नगर निगम के फायर कर्मचारियों को अत्याधुनिक अग्निशमन संसाधनों के संचालन, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रभावी राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया।

उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण और लाइव प्रदर्शन से नगर निगम की फायर टीम को नई तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ है, जिससे भविष्य में आपातकालीन परिस्थितियों का बेहतर तरीके से सामना किया जा सकेगा। फायर ड्रोन एवं यूएवी आधारित वायवीय निगरानी प्रणाली के माध्यम से विशाल मेला क्षेत्र की रियल-टाइम निगरानी, और संभावित क्षति का आकलन किया जा सकेगा, जिससे राहत कार्यों की गति और सटीकता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर संतोष टैगोर, पवन कुमार सिंह, मनोज मौर्य, अधीक्षण यंत्री प्रमोद मालवीय, फायर ऑफिसर लक्ष्मण प्रसाद साहू सहित नगर निगम के अधिकारी एवं फायर कर्मचारी उपस्थित रहे।

सुरक्षा पूरे शहर की आवश्यकता-संकरी गलियों में पहुंचेगी सुरक्षा

नगर निगम आयुक्त मिश्रा ने कहा कि अग्नि सुरक्षा केवल सिंहस्थ महापर्व तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्तमान समय में पूरे शहर की प्राथमिक आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों और नवीन उपकरणों के उपयोग से संकरी गलियों, घाट क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी त्वरित एवं प्रभावी अग्निशमन सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। प्रस्तावित आधुनिक अग्नि सुरक्षा प्रणाली के अंतर्गत ऑल टेरेन व्हीकल (एटीवी) एवं क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल (क्यूआरवी) को कम्प्रेस्ड एयर फोम सिस्टम (सीएएफएस) से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे संकरी गलियों, घाट मार्गों और अत्यधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में भी त्वरित अग्निशमन संभव हो सकेगा। इसके अलावा, उच्च घनत्व वाली भीड़ और जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में अग्निशमन रोबोट की तैनाती का प्रस्ताव है, जो बिना मानव जीवन को खतरे में डाले राहत एवं बचाव कार्यों को अंजाम दे सकेंगे। यह दूर-संचालित और स्वायत्त इकाइयां खतरनाक क्षेत्रों में भी प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम होंगी।

ओंकारेश्वर से लौट रहे श्रद्धालुओं की पलटी कार

इंदौर रोड पर हादसा, दो बाइक सवार भी घायल

उज्जैन। धार्मिक यात्रा पर निकले हरियाणा के चार युवकों की ओंकारेश्वर से उज्जैन लौटते समय इंदौर रोड पर कार पलटी खा गई। हादसा दो बाइक सवारों को बचाने में हुआ। सभी का उपचार दो अस्पतालों में चल रहा है।

हरियाणा के रहने वाले अक्षय पिता देवेंद्र और योगेश पिता रमेश दो साथियों के साथ धार्मिक यात्रा पर निकले हैं। चारों पहले उज्जैन आए थे गुरुवार को उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन किए। उसके बाद चारों अपनी कार से ओंकारेश्वर दर्शन करने गए थे। जहां से रात में वापस इंदौर से उज्जैन लौट रहे थे। रात 3 बजे के लगभग नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के इंदौर रोड स्थित होटल रूद्राक्ष के सामने अचानक कार के सामने बाइक सवार दो युवक तेजगति से आते दिखाई दिए। जिन्हें बचाने का प्रयास किया गया। लेकिन दोनों बाइक सवार कार से आकर भिड़ गए। इस दौरान कार चल रहे अक्षय का संतुलन बिगड़ गया और कार पलटी खा गई। चारों दोस्त घायल हो गए थे। बाइक पर पुलिस लाइन में रहने वाला अंश पिता रमेश और उसका दोस्त सवार थे उन्हें भी चोट आई है। हरियाणा के चारों घायल दोस्तों को चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है वहीं बाइक सवारों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। नानाखेड़ा थाना पुलिस मामले में जांच कर रही है।

11 साहित्यकारों का किया सम्मान

उज्जैन। मूर्धन्य पत्रकार ठाकुर शिवप्रताप सिंह की कलम में ऐसा जादू था कि उनसे बड़े-बड़े कांपते थे। वे केवल पत्रकार ही नहीं, बल्कि कलम के सच्चे सिपाही थे। यह बात ठाकुर शिवप्रताप सिंह स्मृति साहित्यकार सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. शिव चौरसिया ने कही।

समारोह में शहर के 11 साहित्यकारों को शॉल और सम्मान पत्र देकर अलंकृत किया गया। चंद्रभान सिंह चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात चित्रकार डॉ. श्रीकृष्ण जोशी ने इस प्रेरक परंपरा को जीवंत रखने के लिए चंदेल परिवार की सराहना की।शुरुआत में आशीष श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्वागत भाषण अनिल सिंह चंदेल ने दिया। अतिथियों का स्वागत अर्जुन सिंह चंदेल, सोमानी, उदयभानु सिंह चंदेल, बी.एल. सोनी, हरदयाल सिंह ठाकुर, एस.एन. शर्मा और डॉ. संजय नागर आदि ने किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन संतोष सुपेकर ने किया तथा आभार अर्जुन सिंह चंदेल ने माना। इस अवसर पर अनेक साहित्यकार व अन्य मौजूद रहे।

एक नजर में

कल पिलाई जाएगी जिंदगी की दो बूंद

उज्जैन। भारत को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए 28 जून 2026 को पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जा रहा है। पोलियो रविवार के तहत बड़नगर तहसील के शून्य से 5 वर्ष तक के 31 हजार 727 बच्चों को पोलियोरोधी दवा की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धीरेन्द्र पाराशर और मुख्य विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजेंद्र सिंह अजनार ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो केंद्र, आंगनबाड़ी या अस्पताल ले जाकर खुराक अवश्य पिलवाएं। अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुयश श्रीवास्तव, बीईई दिनेश कुमार पंचोली और हेल्थ सुपरवाइजर एमआर मंसूरी ने बताया कि बच्चों को दवा पिलाने के लिए 364 पल्स पोलियो टीमें बनाई गई हैं। इसके अलावा 9 ट्रांजिट टीम और 2 मोबाइल टीमें भी तैनात रहेंगी। अभियान की सघन निगरानी के लिए 29 सुपरवाइजर, सीएचओ और एमपीएस की ड्यूटी लगाई गई है। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कुल 62 हजार 623 घरों का भ्रमण किया जाएगा। जो बच्चे रविवार को बूथ पर दवा पीने से छूट जाएंगे, उन्हें स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमें ईंट-भट्टों, घुमक्कड़ आबादी वाले क्षेत्रों, आवागमन के मुख्य मार्गों और मेलों आदि स्थानों पर विशेष ध्यान देंगी ताकि कोई भी बच्चा पोलियो सुरक्षा चक्र से वंचित न रहे।

मोहर्रम : खतरनाक प्रदर्शन पर भड़की शिवसेना

उज्जैन। बड़नगर में मोहर्रम जुलूस के दौरान क्रेन से वाहन लटकाकर उसमें विस्फोटक और पटाखों के प्रदर्शन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शिवसेना युवासेना मध्यप्रदेश ने इस घटना पर कड़ा विरोध जताया है। युवासेना के राज्य प्रमुख अनुराग सोनार ने इसे आम जनता की जान के साथ खिलवाड़ बताते हुए प्रशासन से दोषियों पर बिना किसी भेदभाव के सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। सोनार ने कहा कि धार्मिक आयोजनों की आड़ में कानून-व्यवस्था को चुनौती देना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थान पर इस प्रकार के खतरनाक प्रदर्शन की अनुमति किसने दी। उन्होंने आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच कर जवाबदेही तय करने की मांग की है। युवासेना ने चेतावनी दी है कि यदि कानून का उल्लंघन करने वालों पर शीघ्र और कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन पूरे प्रदेश में लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में रहकर व्यापक जनआंदोलन करेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इसके साथ ही सोनार ने आमजन से शांति बनाए रखने, कानून का पालन करने और अफवाहों से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी प्रकार का संरक्षण नहीं मिलना चाहिए।

खाद्य विभाग ने तीन संस्थानों पर की कार्रवाई

उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग ने बाजार में नकली एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों पर नियंत्रण तथा उपभोक्ताओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गत दिवस खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भगवती डेयरी एण्ड स्वीट्स, मक्सी रोड से मावा एवं पनीर के नमूने, होटल सांई पैलेस, फ्रीगंज से आलू की सब्जी का नमूना तथा बापू की कुटिया, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, नानाखेड़ा से बटर पनीर मसाला का नमूना लिया गया। संग्रहित सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

आगर नाके पर जमीन विवाद में रिश्तेदारों ने किया युवक पर पाइप से हमला

उज्जैन। आगर नाके पर शुक्रवार सुबह जमीन विवाद को लेकर रिश्तेदारों ने एक युवक के साथ पाइप से मारपीट की और पैर तोड़ दिया। घायल युवक का चरक अस्पताल में उपचार चल रहा है। चिमनगंज थाना क्षेत्र की दुर्गा कॉलोनी में रहने वाले सिकंदर पिता शफी मोहम्मद की जमीन नजरपुर क्षेत्र में है जिसको लेकर उसका रिश्तेदार नसरू और मुंशी से विवाद चला आ रहा है। गुरुवार को विवाद बढ़ने पर सिकंदर ने घटिया थाना पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था। पुलिस ने नसरू और मुंशी को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। जहां दोनों का फोटो सिकंदर ने खींचा जिसको लेकर उनके बीच कहा सुनी हो गई थी। पुलिस ने दोनों रिश्तेदारों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया था और जांच की बात कही थी। सुबह सिकंदर भोपाल जाने के लिए आगर नाके पर खड़ी कार लेने के लिए जा रहा था। इस दौरान दोनों रिश्तेदार नसरू और मुंशी ने उसे रोक कर पाइप से मारपीट शुरू कर दी। पैर में अधिक चोट लगने पर सिकंदर को सड़क अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने फैक्चर होना बताया और उपचार के लिए भर्ती किया। ड्यूटी कंपाउंडर द्वारा मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस घायल के बयान दर्ज कर दोनों रिश्तेदारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करेगी। वहीं आसपास के सीसीटीवी फुटेज के साथ ही लोगों के बयान के आधार पर आगामी कार्रवाई संपादित की जाएगी।

पलंग से गिरे 7 माह के बालक की 2 दिन बाद मौत

▶ डॉक्टर को आशंका जहर के प्रभाव में आया था

उज्जैन। गेहूं बीन रही मां ने अपने सात माह के बेटे को पलंग पर लेटा दिया था जो गिर गया मां ने उसे तत्काल गोद में उठा लिया। लेकिन चोट लगने पर उसे अस्पताल लाया गया 2 दिन चले उपचार के बाद बालक की मौत हो गई डॉक्टर ने आशंका जताई कि जहरीले पदार्थ के प्रभाव में आने से जान गई है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरी में रहने वाले गोपाल राठौर के सात माह के पुत्र समरथ को 2 दिन पहले निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने बताया कि पलंग से गिरने पर चोट लगी है, लेकिन डॉक्टरों ने आशंका जताई कि बालक जहरीले पदार्थ के प्रभाव में आया है। जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई है। 2 दिन चले उपचार के बाद आज तड़के बालक समरथ की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि घटना के समय बालक की मां चंदाबाई गेहूं बिन रही थी। गेहूं में कीटनाशक दवा रखी गई थी। बालक के गिरते ही गेहूं बीन रही मां ने उसे गोद में उठा लिया था। जिसके चलते गेहूं में रखे कीटनाशक की गैस के प्रभाव में आ गया था। परिजनों ने बताया कि गोपाल राठौर का पुत्र समरथ परिवार में एकलौता था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है मौत की वजह रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट होगी की मौत गिरने से लगी चोट से हुई है या फिर कीटनाशक के प्रभाव में आने से जान गई है।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

उज्जैन। नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 माह बाद न्यायालय ने 20 साल सलाखों में रहने की सजा सुनाई है। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि मामला बड़नगर तहसील का है। 14 अक्टूबर 2024 को तहसील में रहने वाली बालिका घर से मामी के यहां जाने का बोलकर निकली थी और लापता हो गई थी। परिवार से सभी जगह तलाश करने के बाद दूसरे दिन अज्ञात युवक द्वारा बहला-फुसला कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। कुछ दिन बाद बालिका पुलिस ने खोज लिया था। बालिका के बयान दर्ज करने पर उसने बताया था कि अंकुश पिता शंकरलाल खराडी निवासी ग्राम खेड़ा बदनावर उसे शादी का झांसा देकर सातरूंडा माता मंदिर ले गया था और शादी कर उसे गुजरात ले गया था। जहां उसकी मर्जी के खिलाफ 3 से 4 बार गलत काम किया। विशेष न्यायाधीश राम बिलास गुप्ता (पास्को एक्ट) बड़नगर द्वारा फैसला सुनाते हुए आरोपी को 20 साल की सजा और 11 हजार अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रकरण में प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खांडेगर के मार्गदर्शन में भारती उज्जालिया विशेष लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई।

कालिदास अकादमी में सिंधी नाटक मिट्टीअ लधो मानु का मंचन

उज्जैन। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सिंध के अंतिम हिंदू शासक सिंधुपति सम्राट दाहिर सेन की स्मृति में शहर में भव्य सिंधी नाटक मिट्टीअ लधो मानु का मंचन किया जाएगा। आयोजन के तहत नाटक के फोल्डर का विमोचन भी किया गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि यह आयोजन रविवार 28 जून को शाम 7.30 बजे से कालिदास संस्कृति अकादमी के संकुल सभागार में होगा।

यह आयोजन सिंधी साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा भारतीय सिंधु सभा और सिंधु जागृत समाज उज्जैन के सहयोग से किया जा रहा है। सिंधी साहित्य अकादमी भोपाल के निदेशक राजेश कुमार वाधवानी के अनुसार इस नाटक के लेखक मोहन गेहाणी और निर्देशक अशोक बुलानी हैं। इसकी प्रस्तुति भोपाल के रंग समूह द्वारा दी जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रताप रोहरा, महेश परियानी, रमेश गजरानी, महेश गंगवानी, रमेश सामदानी, दौलत खेमचंदानी, गोपाल बलवानी, अजय रोहरा, जवाहर जय सिंघानी, दीपक ज्ञानचंदानी, तुलसी राजवानी और ललित लुल्ला सहित अन्य पदाधिकारी व समाजजन सक्रिय रूप से जुटे हैं।

विदेशी आक्रमणों से सुरक्षित रखा था सिंध

नाटक के माध्यम से सम्राट दाहिर सेन के जीवन और उनके सर्वोच्च बलिदान से आमजन को अवगत कराया जाएगा। राजा चाच के पुत्र दाहिर सेन ने लगभग 679 ईस्वी से 712 ईस्वी तक अलोर को राजधानी बनाकर सिंध साम्राज्य पर शासन किया था। उन्होंने लगभग 30 वर्षों तक अपने राज्य को विदेशी आक्रमणों से सुरक्षित रखा और अरब आक्रमणकारी मुहम्मद बिन क़ासिम का वीरतापूर्वक सामना किया। राष्ट्ररक्षा और संस्कृति के रक्षक के रूप में याद किया जाता है।

उपवास के साथ गौसेवा और प्रसादी वितरण ,भजनों का आयोजन

नागदा। किराना व्यापारी महिला मंडल द्वारा निर्जला ग्यारस के शुभ पावन अवसर पर स्थानीय पाल्या रोड स्थित गोपाल गोशाला में मूकपशुओं को गुड़ खली चारा आदि का वितरण कर गौसेवा की गई।

वहां स्थित राधाकृष्ण मंदिर में भजन का आयोजन किया गया तत्पश्चात राधा कृष्ण जी की आरती कर फलाहारी खिचड़ी और ठंडाई आदि का वितरण किया गया।

इस अवसर पर किराना व्यापारी महिला मंडल अध्यक्षा प्रीति पोरवाल,मंजूबाला पोरवाल ने बताया की इस दिन का हिन्दू धर्म में बहुत महत्व है सभी पापों के नाश और मोक्ष प्राप्ति के लिए यह व्रत किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन बिना जल और अन्न के व्रत करने से साल भर की सभी एकादशियों का पुण्य फल एक साथ मिल जाता है।

कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्षा के साथ रीमा पोरवाल, रेखा जैन, किरण राठौर, पुष्पा रघुवंशी, मोनिका सोलंकी, वंदना पोरवाल, रूपाली पोरवाल, सीमा पोरवाल, संगीता पोरवाल, पिंकी पोरवाल आदि कई सदस्य उपस्थित थे।

एक नजर में ▶ करोड़ों रुपए गिनने में बैंक के कर्मचारियों सहित मंदिर समिति के लोग जुटते है

अयोध्या में दान पर झगड़ा पर महाकाल में मिसाल या दान की गिनती बिना जेब के कपड़ों से

उज्जैन। अयोध्या के राम मंदिर में दान की राशि को लेकर भले ही घमासान मचा हो पर उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर दान राशि की गिनती में पारदर्शिता की एक अनूठी मिसाल बन गया है।

मंदिर समिति के सहायक प्रशासक मूलचन्द जूनवाल ने अग्निपथ से चर्चा में बताया कि यहां दान के चढ़ावे की सुरक्षा और गिनती का सिस्टम बेहद पुख्ता है। दान पेटियां सख्त सुरक्षा के बीच एक पारदर्शी कांच के काउंटिंग रूम में खोली जाती हैं, जहां सीसीटीवी कैमरों और बैंक अधिकारियों की निगरानी में गिनती की जाती है। खास बात यह है कि नोट गिनने वाले कर्मचारियों के कपड़ों में जेब यानी पॉकेट्स नहीं होती और उनकी सख्त चेकिंग की जाती है। श्रद्धालुओं से मिलने वाले सोने-चांदी के आभूषणों को भी तत्काल नापकर सीधे स्ट्रॉन्ग रूम में सीलबंद कर दिया जाता है।

हर साल बढ़ रही मंदिर में करोड़ो की आय

वर्ष 2025-26 में महाकाल मंदिर की आय में बंपर उछाल आया। दान पेटी से 62 करोड़, लड्डू प्रसाद से 65 करोड़, नगद काउंटर से 5 .50 करोड़, ऑनलाइन से 3 .60 करोड़, अन्नक्षेत्र से 3 .38 करोड़ और 4 .65 करोड़ रुपये का गुप्त दान मिला है। आय के सभी स्रोत से इस वर्ष करीब 142 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई है जो कि अपने आप मे एक रिकार्ड है।

अंबुबाची मेले के समापन पर उज्जैन के कामाख्या मंदिर में हुई पूजा

उज्जैन। शिप्रा के किनारे श्री रणजीत हनुमान मंदिर के सामने स्थित प्राचीन मां कामाख्या देवी मंदिर में अंबुबाची मेले के समापन अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णाहुति की गई। मंदिर में अनुष्ठान करवा रहे आचार्य पंडित लोकेश अग्निहोत्री ने बताया कि मां कामाख्या के दरबार में श्री महंत आनंदपुरी जी महाराज के सानिध्य में 11 पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार कर हवन, पूजन, यज्ञ, अनुष्ठान आदि किए गए तथा मां कामाख्या का अभिषेक, श्रृंगार कर महाआरती की गई। इस अवसर पर नगर के समस्त अखाड़ों के संत, महंत एवं साधुओं का भंडारा व कन्या भोज का आयोजन भी रखा गया। सभी दक्षिणा भेंट दी गई। अनुष्ठान की पूर्णाहुति में विशेष रूप से भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत रामनाथ महाराज शामिल हुए। वहीं महंत रामेश्वर गिरि महाराज, साइलेंट बाबा, महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज सहित कई प्रमुख संत, महंत कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी भी पहुंचे तथा मां कामाख्या के दर्शन कर भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। पार्षद गिरिश शास्त्री, पंडित राहुल व्यास, बंटी गुरु आदि ने संत, महंत का स्वागत किया।